पत्रांक के0वि0......227...../2026

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

प्रेषक,

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक ..04.../...05/2026

विषयः– माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (**STET**), 2025 का रिजल्ट कार्ड व रिजल्ट कार्ड विवरणी तथा स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा, (चतुर्थ) का रिजल्ट कार्ड, सारणीयन पंजी (**T.R**) व रिजल्ट कार्ड विवरणी उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2025 का रिजल्ट कार्ड व रिजल्ट कार्ड विवरणी **तथा** स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा, 2025 (चतुर्थ) का रिजल्ट कार्ड, सारणीयन पंजी (T.R) व रिजल्ट कार्ड विवरणी समिति के विशेष दूत के माध्यम से आपके कार्यालय को उपलब्ध कराया जा रहा है।

2. माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2025 का सारणीयन पंजी (T.R) बाद में उपलब्ध कराया जाएगा।

3. सक्षमता परीक्षा (चतुर्थ) का सारणीयन पंजी एवं रिजल्ट कार्ड विवरणी अपने कार्यालय में विधिवत् संधारित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

4. माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2025 **तथा** सक्षमता परीक्षा (चतुर्थ) का रिजल्ट कार्ड संबंधित उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को वितरित कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। रिजल्ट कार्ड वितरण के समय अभ्यर्थी के प्रवेश पत्र/परीक्षाफल की वेब कॉपी एवं फोटो युक्त भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा निर्गत वैध पहचान–पत्र की मूल प्रति देख कर व उसकी स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति प्राप्त कर अर्थात पूर्ण पहचान सुनिश्चित कर ही रिजल्ट कार्ड प्राप्त कराया जाए।

4.1 उपर्युक्त दोनों परीक्षाओं का रिजल्ट कार्ड संबंधित अभ्यर्थियों को वितरित किए जाने के पूर्व आपको भेजे जा रहे सभी रिजल्ट कार्ड का मिलान रिजल्ट कार्ड विवरणी से अवश्य कर लिया जाए। इस क्रम में यदि किसी अभ्यर्थी का रिजल्ट कार्ड अप्राप्त (Missing) पाया जाता है, तो इस संबंध में 15 (पन्द्रह) दिनों के अंदर समिति को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

4.2 रिजल्ट कार्ड वितरण के क्रम में अभ्यर्थियों द्वारा दिए गए प्रवेश पत्र/परीक्षाफल की वेब कॉपी एवं फोटोयुक्त वैध पहचान–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अपने कार्यालय में सुरक्षित संधारित करने की व्यवस्था की जाए। किसी भी परिस्थिति में बिना वैध पहचान पत्र के अथवा किसी अन्य व्यक्ति को रिजल्ट कार्ड उपलब्ध नहीं कराया जाए। दोनों परीक्षाओं से संबंधित अभ्यर्थियों को वितरण की गई रिजल्ट कार्ड की प्राप्ति (Receiving), रिजल्ट कार्ड विवरणी एवं सक्षमता परीक्षा, 2025 (चतुर्थ) से संबंधित सारणीयन पंजी अपने कार्यालय में सुरक्षित संधारित कराना सुनिश्चित किया जाए।

यह भी अनुरोध है कि उपर्युक्त समस्त कार्यों का सम्यक् दस्तावेजीकरण (Proper Doumentation) भी संधारित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

अनुलग्नकः–यथोक्त।

विश्वासभाजन
04/5/2026
परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

4/5/26

5/4/2026 3:12 PM i:\xerox\kv-2023\letter.docx908

ज्ञापांक : के0वि0–227/2026 पटना, दिनांक 04/05/2026
प्रतिलिपि : निदेशक (मा0शि0), शिक्षा विभाग, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

4/5/2026
परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

2/5/26